खंड १६ सं० ७

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

( भाग-१ कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

वृहस्पतिवार, तिथि २५ मार्च, १९७६ ।

विषय-सूची पृष्ठ

प्रश्नों के लिखित उत्तर :

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली के नियम ४ II के परन्तु क के अन्तर्गत सभा मेज पर रखे गये प्रश्नों के लिखित उत्तर ।

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :

अल्प सूचित प्रश्नोत्तर संख्या : १, २, १२ एवं १६ ... १—१२

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या : २, ५२२, ५२३, ५२४, ५२५, ५२६, ५२७, ५३२, ५३७, ५४१, ५४४, ५४५, ५४८, ५५०, ५५१, ५५२, ५५९, ५६४, ५६६, ५७०, ५७१, ५७७, ५७८, ५८१, ५८६, ५९५, ५९९, ६०३, ६०५, ६०६ । १३—४४

परिशिष्ट—१ एवं २ प्रश्नों के संबंध में विवरण : ४५—५१

परिशिष्ट—३ (प्रश्नों के लिखित उत्तर) : ५२—१७७

दैनिक निबंध ... ... १७९—१८०

टिप्पणी :—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के आगे ( * ) चिह्न लगा दिया गया है ।

**थाना का कार्यारंभ।**

* ५७७। श्री उत्तम लाल यादव—क्या मंत्री, गृह ( आरक्षी ) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) मैनाही पुनर्वास खरैत (सुपौल); जिला सहरसा में कब से पुलिस चौकी काम प्रारम्भ करेगी ;

(२) क्या काम प्रारम्भ करने के लिये सारी प्रक्रियायें पूरी कर ली गयी हैं ; यदि नहीं तो सरकार इसके लिये दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कौन-सी कारंवाई करने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग**—(१) अभी वित्त की कमजोर स्थिति को देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि प्राथमिकता के आधार पर ही पुलिस चौकी का सृजन किया जाय।

पहले की प्राथमिकता सूची की समुचित समीक्षा कर अद्यतन एवं पुनर्गठित करने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है ;

(२) मैनाही पुनर्वास खरैल में पुलिस चौकी सृजन करने का प्रस्ताव प्राथमिकता सूची के अनुसार ही किया जायगा। अभी की प्राथमिकता सूची में यह सम्मिलित नहीं है।

---

**निर्माण कार्य में विलम्ब।**

* ५७८। श्री चुल्हाई राम—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारीसनगर प्रखंड के वसन्तपुर, भोरे जैराम, एवं सतमलपुर ग्राम में क्रमशः टूटे बांध का निर्माण, वोल्डर पींचीग तथा रीटायर लाईन के निर्माण कार्य में विलम्ब होने का क्या औचित्य है तथा सरकार कब से उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री, सिंचाई विभाग**—समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखंड के वसन्तपुर एवं सतमलपुर स्थानों पर रिहाई बांध का निर्माण कार्य करना है, जिसमें वसन्तपुर स्थल पर कार्य शुरु हो गया है और सतमलपुर स्थल पर औपचारिक भू-अर्जन के अभाव में अभी तक कार्य शुरु नहीं किया जा सका है।